# कैसा मेला लगाया | By Soumya Om Tripathi Mishra

कैसा मेला लगाया मेरे श्याम
सारी दुनिया जपे तेरा नाम

खाटू बन दुनिया में आये
चन्दन सी सुगन्धि फैलाये
कैसा जादू चलाया खाटू श्याम
सारी दुनिया जपे तेरा नाम

मानवता का पाठ पढ़ाया
मन प्राणो में प्रेम जगाया
कैसी ज्योति जलाई मेरे श्याम
सारी दुनिया जपे तेरा नाम

प्राण हमारे भटक रहे थे
अन्धकार में अटक रहे थे
करुण माला पिरोई कैसी श्याम
सारी दुनिया जपे तेरा नाम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a5%88%e0%a4%b8%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%b2%e0%a4%97%e0%a4%be%e0%a4%af%e0%a4%be-by-soumya-om-tripathi-mishra/